एक नजर में

यंग मेलोडियंस का स्वरमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन आज

देवास। यंग मेलोडियंस ऑर्केस्ट्रा ग्रुप देवास द्वारा स्वर कोकिला आशा भोसले को समर्पित स्वरमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन 23 मई शनिवार को शाम 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक विक्रम सभा भवन, जवाहर चौक देवास में किया जाएगा जिसमें शहर एवं प्रदेश के कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष धीरज वाघमारे एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष अंजु शर्मा ने बताया कि यह संगीतमयी संध्या स्वर्गीय आशा भोसले के सदाबहार गीतों को समर्पित रहेगी। कार्यक्रम का संचालक मुश्ताक शाह तथा संयोजक नजर शेख मामू रहेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में वीर चौहान एवं श्रीमती सुभी चौहान, इंदौर उपस्थित रहेंगे। वहीं मुख्य अतिथियों में राधेश्याम सोनी, डॉ. अजय चौहान सर, डॉ. मनीषा बापना, सुनील बामनिया (उज्जैन), पी.एन. तिवारी, अशोक पोरवाल, श्रीमती ऊषा एवं श्रीमती रश्मि पांडेकर शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन सलीम शेख करेंगे। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

लिंक रोड पर अतिक्रमण की शुरुआत, गुमटियां रखने का सिलसिला शुरू, अधिकारी बोलें दिखवाते है

सोनकच्छ। नगर के सिविल अस्पताल के सामने बना लिंक रोड जो कि अतिक्रमण मुक्त था लेकिन अब अतिक्रमणकारियों की नजर से यह भी अछूता नहीं रहा है। यहां भी अतिक्रमण की शुरुआत हो चुकी है। यहां नप की 11 दुकानों का निर्माण कार्य शुरू हो रहा था तब ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य सामग्री रखने के लिए एक गुमटी रखी थी लेकिन हाल ही में कुछ अतिक्रमणकारियों ने यहां एक छोटी और एक बड़ी गुमटी रख दी है। अगर समय रहते इन अवैध गुमटियों पर कार्रवाई नहीं की तो भविष्य में यहां पर और लोग अवैध गुमटियां रख देंगे जिसके कारण रोड संकरा हो जाएगा और जाम की स्थिति बन जाएगी। वहीं लोगों का कहना है कि एक बार अतिक्रमण की शुरूआत हो गई तो प्रशासनिक अधिकारी अतिक्रमण नहीं हटा सकेंगे। मामले को लेकर सीएमओ अमरदास सेनानी का कहना है कि, स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। इसलिए उस ओर ध्यान नहीं दे पाया हूं। इस मामले को दिखवा लेता हूं।

सब जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप के लिए अथर्व शर्मा का चयन

देवास। जिला बेसबॉल एसोसिएशन के सचिव राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि भुवनेश्वर (उ?ीसा) मे आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप के लिए देवास जिले से अथर्व शर्मा का चयन मध्य प्रदेश टीम में हुआ है। टूर्नामेंट 24 मई से 29 मई तक भुवनेश्वर में आयोजित होगी। मध्य प्रदेश टीम 22 मई को भोपाल से रवाना हुई। अथर्व के मध्य प्रदेश टीम में चयनित होने पर सरस्वती ज्ञानपीठ के संचालक पीएम तिवारी, विश्वामित्र अवार्ड सुदेश सांगते, मनोज राजानी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, अनिल श्रीवास्तव, मदनलाल कहार, विक्रम अवॉर्डी रागिनी चौहान, भरत वर्मा, गौरव कदम, एनआईएस कोच निरंजन यादव, पवन यादव आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

परिवहन विभाग ने 02 बसों के फिटनेस निरस्त कर, 11 बसों से 55 हजार का राजस्व वसूला

देवास। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा इंदौर-देवास तथा इंदौर-उज्जैन मार्ग पर यात्री बसों की जांच के लिए विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बसों में यात्रियों की सुरक्षा, वैध दस्तावेज, परमिट, फिटनेस, बीमा, पार्टिशन गेट आदि दस्तावेजों की जांच की गई। जांच कार्यवाही के 55 बसों की जांच की गई, जिसमें दो बसों की फिटनेस निरस्त एवं अन्य 11 बसों में कमी पाए जाने पर कुल राजस्व 55 हजार वसूला गया। कार्यवाही के दौरान बसों के अंदर से पार्टिशन गेट और स्लाइडिंग हटवाई गई, आपातकालीन खिड़की को खुलवाकर चेक किया गया। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि आगे भी इस तरह का जांच अभियान जारी रहेगा। ताकि सड़कों पर केवल सुरक्षित और नियमों का पालन करने वाले वाहन ही चल सके।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने तीन कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदाय किये

देवास। जिला स्तर पर शासकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के आकस्मिक निधन उपरान्त शासन निर्देशानुसार परिवार के आश्रित सदस्यों में से अनुकंपा नियुक्ति प्रदाय किये जाने के निर्देशों के तहत शुक्रवार को राजस्व विभाग अंतर्गत दिवगंत कर्मचारी स्व. मंयक बारोड की पत्नि शिखा बारोड देवास, स्व. रमेशचंद्र पर्ते के पुत्र राहुल पर्ते को सहायक ग्रेड तीन तथा स्व. सौदान सिंह रावत के पुत्र अभिषेक रावत को भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदाय की जाकर ऋतुराज कलेक्टर जिला देवास द्वारा संबंधितों को समक्ष में आदेश प्रदान किये गये। उल्लेखनीय है कि जिले में राजस्व एवं विभिन्न विभागो के अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के लंबित 20 प्रकरणों में से 03 प्रकरणों में राजस्व विभाग में नियुक्ति आदेश प्रदाय किये गये है तथा 06 प्रकरणों में अन्य विभागो में रिक्त सहायक ग्रेड तीन पदों पर नियुक्ति की प्रकिया प्रचलित है।

वैभव जाट मारपीट मामले में थाने का घेराव

- जाट समाज का आरोप : पुलिस गुंडों का संरक्षण कर रही, चार आरोपी बेखौफ घूम रहे
- टीआई बोले : साक्ष्यों के आधार पर ही आरोपी बढ़ाना संभव

सोनकच्छ। वैभव जाट के साथ 15 मई को मारपीट की घटना हो गई थी। जिसमें वैभव की रिपोर्ट पर से आरोपी विराज मोहनसिंह बेस तिलकराज विजेंद्र चौहान के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया था। आरोपी जो कि जेल में है इनके विरुद्ध जानलेवा हमले की धारा और 4 अन्य नामजद आरोपियों के नाम बढ़ाने को लेकर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के आव्हान के पर जाट समाज पुष्पगिरि पर एकत्रित हुआ और नगर बस स्टैंड से पैदल मार्च करता हुआ थाने पर पहुंचा।

थाने पर जाट समाजजनों ने जमकर नारेबाजी करते हुए पुलिस पर आरोप लगाए कि, पुलिस दबाव में आकर गुंडे के नाम नहीं बढ़ा रही। दो आरोपियों के साथ अन्य 4 आरोपी जो कि इस मारपीट के षड्यंत्रकारी है पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है। पुलिस ने इन शराब माफियाओं का साथ दे रही है। समाज मांग रखते हुए कहा कि, ऐसे शराब माफियाओं पर लगाम लगाई जाकर इन्हें जेल में बंद किया जाएं ताकि ये लोग गरीब मजदूरों को डराना और उनसे मारपीट करना उनकी पृष्ठभूमि रही है। जाट संसद के प्रदेशाध्यक्ष ईश्वरलाल जाट ने कहा कि, पुलिस गुंडों का साथ न देते हुए पीड़ित परिवार का साथ दें ताकि पीड़ित पुलिस पर विश्वास कर सकें। टीआई अजय गुर्जर ने समाजजनों को बताया कि, घटना दिनांक के दिन फरियादी द्वारा दो लोगों द्वारा मारपीट करना बताया पुलिस तत्काल केस दर्ज किया। दोनों आरोपी जेल में है। डॉक्टर के अभिमत के आधार पर ही धारा लगाई गई और दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। रही बात आरोपियों को बढ़ाने कि तो नई एफआईआर दर्ज नहीं हो सकती है, आरोपी बढ़ाने के लिए टेक्निकल जांच करवा ली जाएगी। अगर उसमें कुछ अन्य विरुद्ध निकलकर आता है तो उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। टीआई द्वारा समझाने के बाद भी समाजजन नहीं समझें और पुलिस पर दबाव का आरोप लगाते रहे। पुन: टीआई कक्ष में आधे घंटे वार्तालाप हुआ। टीआई ने विस्तार से घटना और उनके द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में बताया। टीआई ने समाजजनों से यही कहा कि, दबाव की कोई बात नहीं अपराध हुआ था फरियादी ने जो नाम बताएं केस दर्ज आरोपियों को जेल भेज दिया अगर अन्य आरोपी भी जांच में मिलते है तो उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा लेकिन बगैर किसी साक्ष्य के आधार पर किसी को भी आरोपी नहीं बनाया जा सकता न्यायालय में पुलिस को ही जवाब देना पड़ेगा। पीड़ित परिवार को ऐसा लगता है कि, उसे अस्पताल में किसी बात का डर है तो वहां भी सुरक्षाकर्मी लगा दिए जाएंगे। टीआई के इस आश्वासन के बाद समाजजनों ने आवेदन दिया और घेराव समाप्त किया।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

भौंरासा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर किया गया।

पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नगजीराम यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेशचंद्र ईनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़, मंडलम अध्यक्ष दिनेश चौहान, राजीव गांधी पंचायत राज जिला उपाध्यक्ष रमेशचंद्र गुर्जर, पार्षद भादर सिंह भाटिया, पार्षद अफजल मंसूरी, मंडलम अध्यक्ष अर्जुन गुर्जर, उमेश धाकड़, दिनेश यादव, नितिन सारडा, उप सरपंच इकबाल शेख, कांतिलाल यादव, रईस शेख, गुरुचरण गुर्जर, मोड सिंह सेंधव, हमीद शाह सरसोदा व अन्य कांग्रेस नेता मोजूद थे। इस दौरान सभी ने स्वर्गीय गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए इस अवसर पर पूर्व ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव जी गांधी संचार क्रांति के जनक रहे थे हम जो आज डिजिटल क्रांति देख रहे यह उनकी ही देन है। उन्होंने अपने अल्प समय के कार्यकाल में देश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए थे हम उनकी पुण्यतिथि पर कांग्रेस पार्टी की और से सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

न्यूजीलैंड रग्बी और रग्बी इंडिया के संयुक्त कोचिंग क्लिनिक में मप्र के संदीप जाधव करेंगे सहभागिता

देवास। इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन (आईआरएफयू) और न्यूजीलैंड रग्बी की संयुक्त पहल के तहत 21 एवं 22 मई को भुवनेश्वर में दो दिवसीय कोचिंग क्लिनिक का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर में रग्बी कोचिंग के स्तर को बेहतर बनाना तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की आधुनिक तकनीकों और बेस्ट प्रैक्टिस को भारतीय कोचों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान न्यूजीलैंड रग्बी के विशेषज्ञ कोच तकनीकी और फील्ड प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेंगे। यह पहल भारत और न्यू?ीलैंड सरकारों के बीच खेल विकास को लेकर हुए मेमोरेंडम ऑफ कोऑपरेशन का हिस्सा है। वर्ष 2026 में दोनों देशों के बीच खेल सहयोग के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रग्बी को विशेष रणनीतिक सहयोग के तहत प्राथमिकता दी जा रही है। आने वाले समय में इस दिशा में और भी कई संयुक्त परियोजनाओं की योजना बनाई गई है। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन, मध्य प्रदेश के सचिव अबरार एहमद शेख ने जानकारी दी कि मध्य प्रदेश के देवास निवासी संदीप जाधव इस प्रतिष्ठित कोचिंग क्लिनिक में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर रवाना हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि संदीप की सहभागिता से राज्य में रग्बी के ग्रासरूट विकास को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। रग्बी इंडिया और न्यूजीलैंड रग्बी के अनुसार, यह कोचिंग क्लिनिक संरचित शिक्षण और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से भारत में रग्बी खेल के विकास को गति प्रदान करेगा।

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए मुस्लिम समाज का ज्ञापन

सोनकच्छ। जमीअत उलमा ए हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत मोलाना मेहमूद असअद मदनी व प्रदेश अध्यक्ष हाजी हारून के मार्गदर्शन व मोहम्मद ईमरान खान तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। इस विषय को लेकर असामाजिक तत्व के लोग हिन्दू-मुस्लिम एकता को खत्म कर भारत में अशांति फैलाने की कोशिश करते हैं। गौवंश संरक्षण व गौशालाओं की उचित व्यवस्था की जाएं। समाज में आपसी भाईचारा व शांति बनाए रखने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएं। मॉब लिंचिंग, अत्याचार और अन्य हिंसात्मक घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की जाए। महिलाओं एवं युवाओं की सुरक्षा हेतु विशेष निगरानी एवं जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएँ। नशा मुक्त भारत अभियान को प्रभावी रूप से लागू कर युवाओं को नशे से बचाने हेतु सख्त कदम उठाए जाएं। सोशल मीडिया मोबाईल के माध्यम से किसी भी धर्म या धर्म गुरु के खिलाफ गलत टिप्पणी करने वाले किसी भी समाज के व्यक्ति द्वारा की जाएं तो उसके लिये सख्त से सख्त कानून बनाये जाएं। क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए ताकि सभी नागरिक सुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर सकें। मुस्लिम समाज ने उक्त ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में दिया।

एसडीएम कार्यालय में पहुंचे मुस्लिम समाजजन

जल आपूर्ति व्यवस्था पहले के समय अनुसार हो : महापौर

देवास। महापौर गीता अग्रवाल ने विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगमायुक्त दलीप कुमार के साथ शुक्रवार को जल वितरण व्यवस्था को लेकर निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा की। नगर निगम के ट्रीटमेंट प्लांट पर मेंटनेंस कार्य होने तथा डीपी स्थापित होने की तथा 19 मई को शट डाउन के कारण जो जल वितरण प्रभावित हुआ उसके पूर्ववत निर्धारित समयानुसार सुधार के साथ जल वितरण हो इस हेतु महापौर ने बैठक आहूत कर जानकारी ली।

बैठक में महापौर के साथ निगमायुक्त दलीप कुमार, निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेडेकर के साथ जल प्रदाय के प्र. कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री बैठक में उपस्थित रहे ओर जल प्रदाय के संबंध मे विस्तृत जानकारी महापौर को दी। महापौर ने वार्डो में होने वाले जल वितरण में वार्डवार एवं झोन वाईज जानकारी उपयंत्रियों से ली जिसमें उपयंत्रियों द्वारा शट डाउन के कारण जल वितरण प्रभावित हुआ था उसमें पूर्ण रूप से सुधार कर पूर्ववत सुचारू रूप से जल वितरण वार्डो मे करने की वार्डवार जानकारी महापौर को दी।

महापौर ने कहा कि प्लांट पर डीपी भी स्थापति करवा दी गई है। अब बिजली की समस्या भी नही होगी। महापौर ने जल वितरण को लेकर पूर्व से चल रहे 5 टेंकरों के साथ 5 ओर अतिरिक्त टेंकर जल वितरण व्यवस्थाओं के लिए चलाए जाने के निर्देश दिए। जल वितरण में लगाये गए 5 अतिरिक्त टेंकरों में 3 टेंकर शुक्रवार से चालु किये तथा 2 टेंकर शनिवार से चालू हो जाने की जानकारी महापौर को वाहन प्रभारी ने दी। जल वितरण पर प्र. कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री राजेश कौशल से टंकी भरने के साथ होने वाला जल वितरण पूर्ववत हो के निर्देश महापौर ने दिए साथ ही महापौर ने एमजी रोड पर चल रहे कार्यो में गति लाने हेतु कहा।

आयुक्त ने सभी झोन प्रभारियों से कहा कि वार्डो में स्वंय जाकर जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर जल प्रदाय व्यवस्थाओं का जायजा लें व अन्य कार्यो को देखें। वार्ड मे किसी भी प्रकार की समस्या से अवगत कराने हेतु आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कहा।

30 वर्षों तक सेना में सेवा देकर लौटने पर सैनिक का किया जगह-जगह स्वागत

भौंरासा निप्र! ग्राम कुलाला के सैनिक कैप्टन पोप सिंह यादव आर्मी मैं अपनी 30 वर्षों की सेवा पूर्ण कर अपने गृह गांव कुलाला पहुंचे सैनिक यादव का भौरासा नगर सहित ग्राम कुलाला में जगह जगह स्वागत हुआ जहा सर्वप्रथम भौरासा फाटे पर यादव द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर नगर मे प्रवेश किया इसके बाद यहां पर पार्षद सचिन यादव व राजेंद्र यादव आचार्य जी के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

इस अवसर पर यहां पर बड़ी संख्या में यादव समाज बंधु मौजूद रहे यहां पर नगजी राम यादव, मिथुन यादव, राजेंद्र यादव, दौलत यादव, कैलाश यादव, करण सिंह यादव, नरबत यादव, सुमेर नागर, प्रदीप यादव, मुकेश कुमावत, शैलेंद्र ठाकुर,तेजसिंह यादव, पार्षद भादर सिंह भाटिया,सहित आदि लोग मौजूद रहे इसी के साथ श्री कृष्ण यादव मिल्क सेंटर पर दौलत यादव मित्र मंडल द्वारा स्वागत किया गया इसी तरह छोटे हनुमान चौक में रोटरी क्लब भौरासा के द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रदीप मंत्री, रघुवीर सिंह ठाकुर, किशोर वर्मा ,महेश मंत्री, नवीन यादव, मंगल जोशी, आदि लोग मौजूद रहे इसी तरह रपट पर डॉ मोहन माली, विनायक माली, डॉ संजू माली, मौसम माली, के द्वारा स्वागत किया गया इसी तरह नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा मित्र मंडल द्वारा भी साफा बांधकर पुष्प माला पहनकर स्वागत किया गया इसके पश्चात भंवरनाथ मार्ग पर धर्मेंद्र राठौर के द्वारा भी स्वागत किया गया इसके पश्चात ग्राम पंचायत कुलाला मे कोलू चौक महाकाल ऑनलाइन पंचायत कार्यालय के पास में भव्य सम्मान कार्यक्रम का आयोजन रखा गया रास्ते भर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जगह-जगह मालाए पहनाकर स्वागत किया गया ! गांव के युवाओं में देश सेवा को लेकर उत्साह दिखा।

ग्रामीणों ने सैनिक को खुली जिप में खड़ा कर जुलूस निकाला ! इस दौरान पूरे गांव के लोग एकत्रित थे जिन्होंने खुशियां मनाई वही नगर में जैसे ही प्रवेश किया नगर के लोगों ने पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया !

एक नजर कार्यवाही में 04 प्रकरण पंजीबद्ध, 02 वाहन सहित कुल 65 .76 लीटर शराब जब्त

देवास में अवैध शराब संग्रहण, बेचने, तस्करी करने वालों पर की कार्रवाई

देवास। कलेक्टर ऋतुराज सिंह निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे द्वारा गठित आबकारी की टीम द्वारा देवास नगर के संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई इस दौरान शांतिपुरा स्थित रोहित चाव?ा के रिहायशी मकान पर मुखबिर की सूचना पर टीम द्वारा दबिश दी गई। मौके से फरार आरोपी के मकान से 26 बोतल अंग्रेजी शराब, 96 पाव अंग्रेजी शराब, देशी मदिरा प्लेन 81 पाव, कुल मात्रा 51.36 बल्क लीटर मदिरा जब्त की गई और फरार आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) का प्रकरण नए विधान अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया। फरार आरोपी रोहित के विरुद्ध पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज है। इसके अलावा कार्यवाही में पुष्पराज होटल से 10 पाव प्लेन, बिहारीगंज में 50 पाव प्लेन शराब के साथ वाहन टीवीएस जुपिटर तथा शांतिपुरा से 20 पाव प्लेन शराब के साथ वाहन टीवीएस जुपिटर जब्त किया गया। जप्त मदिरा एवं वाहन का मूल्य लगभग 01 लाख 51 हजार रुपये हैद्य कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी नीलेश पवार, आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया, राजाराम रैकवार, आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल, दीपक तटवाड़े, निहाल खत्री, आशीष गुप्ता शामिल थे। जिले में आबकारी विभाग द्वाराअवैध मदिरा के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।